# विस्तार प्रभाग
## भा0वा0अ0शि0प0 -वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून
## वन्य जीव सप्ताह-2025 के उपलक्ष्य में सेमिनार का आयोजन
[07 अक्टूबर, 2025]

विस्तार प्रभाग, वन अनुसंधान संस्थान द्वारा वन्य जीव सप्ताह-2025 (02 अक्टूबर-08 अक्टूबर, 2025) के उपलक्ष्य में दिनांक 07 अक्टूबर, 2025 को एक सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री लोकेन्द्र शर्मा (वैज्ञानिक-सी' , विस्तार प्रभाग) द्वारा किया गया तथा प्रभाग प्रमुख श्रीमती ऋचा मिश्रा, IFS ने स्वागत सम्बोधन में वन्य जीव सप्ताह के महत्व को उपस्थित सभी प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत किया।
इसके पश्चात डॉ. रेनू सिंह, IFS, निदेशक, वन अनुसंधान संस्थान, ने इस वर्ष की थीम "मानव-पशु सह-अस्तित्व" पर विस्तृत उद्बोधन दिया। निदेशक महोदया ने मानव एवं वन्यजीवों के बीच संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता और सह-अस्तित्व को सतत विकास का मूल आधार बताते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला।

इसके उपरांत वन्यजीव संस्थान, देहरादून के विषय विशेषज्ञ डॉ. एन. लक्ष्मी नारायण द्वारा **"Human – Elephant negative interactions in India: Challenges and opportunities: "** विषय पर एक रोचक एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। डॉ. नारायण ने अपने विस्तृत प्रस्तुतीकरण में मानव-हाथी संघर्ष के जैविक, पारिस्थितिक, सामाजिक एवं आर्थिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने यह बताया कि किस प्रकार प्राकृतिक आवासों के सिकुड़ने, अवैज्ञानिक भूमि उपयोग, तथा बढ़ती मानव गतिविधियों के कारण ऐसे संघर्षों में निरंतर वृद्धि हो रही है। उन्होंने इस समस्या के समाधान हेतु वैज्ञानिक तकनीकों, प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों, सामुदायिक सहभागिता, तथा नीति निर्माण में स्थानीय स्तर पर सहयोग की आवश्यकता पर भी बल दिया। डॉ. नारायण ने अपने व्याख्यान के दौरान वास्तविक केस स्टडीज़ एवं फील्ड अनुभवों को भी साझा किया, जिससे प्रतिभागियों को विषय की गहराई को समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम के अंत में डॉ. चरण सिंह, वैज्ञानिक -एफ द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया, जिसके पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने ऑनलाइन माध्यम से सहभागिता की और इस विषय पर अपने विचार एवं अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में विस्तार प्रभाग की प्रभाग प्रमुख श्रीमती ऋचा मिश्रा, IFS, डॉ. चरण सिंह, श्री रामबीर सिंह, श्री लोकेन्द्र शर्मा, श्री नवीन चौहान, श्री पवन देवशाली, श्रीमती गरीमा नाथ, श्री अमित सिंह, श्री रविन्द्र कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी के सहयोग एवं समर्पण से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## Seminar Organized by Extension Division on the Occasion of Wildlife Week 2025

On the occasion of Wildlife Week–2025 (02 October – 08 October, 2025), a seminar was organized on 07 October, 2025 by the Extension Division, ICFRE-Forest Research Institute, Dehradun. The program commenced with an opening address by Mr. Lokendra Sharma Scientist- C, Extension Division followed by a welcome speech by the Head, Extension Division, Mrs. Richa Mishra, IFS. In her address, she highlighted the importance of Wildlife week in relation to recall the protection of wild animals in their natural habitat. Subsequently, Dr. Renu Singh, IFS, Director, Forest Research Institute, delivered a detailed keynote speech on this year's theme **"Human–Wildlife Coexistence".** She emphasized the need to maintain a balance between humans and wildlife, describing coexistence as a fundamental pillar of sustainable development. She highlighted the importance of harmonious living between human communities and wildlife species.

Following this, Dr. N. Lakshminarayan, a subject expert from the Wildlife Institute of India, Dehradun, delivered an engaging and informative lecture on the topic **"Human–Elephant Negative Interactions in India: Challenges and Opportunities."** In his comprehensive presentation, Dr. Narayan discussed the biological, ecological, social, and economic aspects of human-elephant conflict. He explained how shrinking natural habitats, unscientific land use, and increasing human activities are contributing to the rise in such conflicts. He stressed the need for scientific technologies, early warning systems, community participation, and local-level cooperation in policy formulation to address these issues effectively. During his lecture, Dr. Narayan also shared real case studies and field experiences as a practical knowledge on the subject.

At the end of the seminar, Dr. Charan Singh, Scientist-F, presented the vote of thanks, bringing the event to a close. More than 100 participants joined the seminar online and shared their thoughts and experiences on the topic.

The successful organization of the event was made possible by the dedicated contributions of the Head of the Extension Division, Mrs. Richa Mishra, IFS, along with Dr. Charan Singh, Mr. Rambir Singh, Mr. Lokendra Sharma, Mr. Naveen Chauhan, Mr. Pawan Devshali, Mrs. Garima Nath, Mr. Amit Singh, and Mr. Ravindra Kumar. With everyone's cooperation and commitment, the program concluded successfully.

# Glimpses/ झलकियाँ













